बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग

पत्रांक–प्र0 / BSPTCL–10 / 2025– / पटना, दिनांक–

सेवा में,

महालेखाकार (लेखा एवं हक),
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 के क्षेत्राधीन इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (आई0एम0सी0) गयाजी परियोजना के लिए निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु 220 के0वी0 डी0सी0 संचरण लाईन (400 / 220 / 132 के0वी0 चंदौती (पी0एम0टी0एल0) ग्रीड–उपकेन्द्र से आई0एम0सी0, गयाजी तक) के निर्माण हेतु 33.29 करोड़ (तैतीस करोड़ उनतीस लाख) रूपये की योजना की स्वीकृति एवं इसके कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में 25.00 करोड़ (पच्चीस करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

आदेश–स्वीकृत।

भारत सरकार के द्वारा Dedicated Freight Corridors के Alignment के साथ–साथ राज्य सरकार के साझेदारी में औद्योगिक केन्द्र (Industrial Nodes) की स्थापना की जा रही है। इस योजनान्तर्गत राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (National Industrial Corridor Development Corporation-NICDC) एवं उद्योग विभाग, बिहार सरकार के बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) के द्वारा अमृतसर कोलकाता इंडस्ट्रीयल कोरिडोर के साथ गयाजी जिले के डोभी प्रखंड में आई0एम0सी0 विकसित किया जाना है। बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 के क्षेत्राधीन इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (आई0एम0सी0) गयाजी परियोजना के लिए निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु 220 के0वी0 डी0सी0 संचरण लाईन (400 / 220 / 132 के0वी0 चंदौती (पी0एम0टी0एल0) ग्रीड–उपकेन्द्र से आई0एम0सी0, गयाजी तक) के निर्माण हेतु 33.29 करोड़ (तैतीस करोड़ उनतीस लाख) रूपये आकलित की गयी है।

2. आई0एम0सी0, गयाजी के विकास हेतु कार्यरत परामर्शदाता एजेंसी के द्वारा प्रारंभिक आकलन के अनुसार, उपरोक्त परियोजना हेतु विद्युत की कुल माँग 167 एम0वी0ए0 होगी, जिसमें कि प्रथम चरण (2028 तक) के लिए विद्युत की माँग 68 एम0वी0ए0 हैं। जिसके लिए आई0एम0सी0, गयाजी के लिए निरंतर, विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु इसे 220 के0वी0 स्तर पर 400 / 220 / 132 के0वी0 ग्रीड उपकेन्द्र चन्दौती से जोड़ा जाना है। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में 25.00 करोड़ (पच्चीस करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 द्वारा मांग की गयी है।

3. उक्त आलोक में बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 के क्षेत्राधीन इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (आई0एम0सी0) गयाजी परियोजना के लिए निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु 220 के0वी0 डी0सी0 संचरण लाईन (400 / 220 / 132 के0वी0 चंदौती (पी0एम0टी0एल0) ग्रीड–उपकेन्द्र से आई0एम0सी0, गयाजी तक) के निर्माण हेतु 33.29 करोड़ (तैतीस करोड़ उनतीस लाख) रूपये की योजना की स्वीकृति एवं इसके कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में 25.00 करोड़ (पच्चीस करोड़) रूपये बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4. उक्त राशि माँग सं0–10, मुख्य शीर्ष–4801–परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघुशीर्ष–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0105 बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4801051900105 विषय शीर्ष–5401–निवेश के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

5. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से कर बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0 के व्यक्तिगत लेखा खाता (पी०एल० खाता संख्या–PTSPLA014) के मुख्य शीर्ष 8448–स्थानीय निधियों की जमा, उप मुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–120–अन्य निधियाँ, उपशीर्ष–0044–बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0, व्यय शीर्ष–L8448001200044 एवं प्राप्तियाँ–K–8448001200044 में जमा की जाएगी।

6. बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि० द्वारा राशि की निकासी कोषागार में खोले गए CFMS खाता संख्या–PTSPLA014 से की जाएगी।

7. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 7355 दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इसमें प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

8. उक्त योजना की स्वीकृति हेतु मंत्रिपरिषद् का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र0/BSPTCL–10/2020 के पृष्ठ संख्या–24/टि0 पर दिनांक–13.01.2026 को प्राप्त है।

9. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र0/BSPTCL–10/2020 के पृष्ठ संख्या–28/टि0 पर दिनांक–14.01.2026 को प्राप्त है।

10. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–

(सुधा गुप्ता,)

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPTCL–10/2020– /पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र0/BSPTCL–10/2020– 287 /पटना, दिनांक– 21.01.2026

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना/विशेष सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, बिहार, पटना/बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना/उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना/लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग (तीन प्रतियों में), पटना/अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर ट्रान्समिशन कं0 लि0/आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20.01.26

सरकार के संयुक्त सचिव।